**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर प्रथम पाली**
**अर्द्धवार्षिक परीक्षा (2024-25)**
**विषय:- हिन्दी**

**कक्षा:-6** **पूर्णांक:- 60** **समय:- 2:30 घंटे**

**निर्देश : 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं l**
**2. प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखें l**
**3. प्रश्नों के उत्तर लिखते समय क्रम संख्या सही लिखें l**

<u>**खंड - क अपठित अवबोध**</u>

**प्रश्न सं. 1) अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1x5=5**

एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन बन जाता। चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता । सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती।

(क) जंगल में किसका पेड़ था?
(i) नीम (ii) परिजात (iii) पीपल (iv) आम

(ख) परिजात अपने आप को स्वयं क्या समझता था?
(i) पेड़ों का सरताज (ii) पेड़ों का दास (iii) ईश्वर (iv) साधारण पेड़

ग) परिजात अनगिनत फूलों से कब लद जाता था?

(घ) तितलियाँ क्या करती थीं?

(ङ) इस गद्यांश का शीर्षक लिखिए ?

**प्रश्न सं. 2) . निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर दें : 1x5=5**

जीवन की मुस्कान किताबें बहुत बड़ा वरदान किताबें।
गूंगे का मुँह बनकर बोलें बहरे के हैं कान किताबें।
अन्धे की आँखें बन जाएँ ऐसी हैं दिनमान किताबें।
हीरे मोती से भी बढ़कर बेशकीमती खान किताबें।
जिन के आने से मन हरषे ऐसी हैं मेहमान किताबें।
क्या बुरा यहाँ क्या है अच्छा करती हैं पहचान किताबें।
धार प्रेम की बहती इनमें फैलाती हैं ज्ञान किताबें।

राहों की हर मुश्किल को कर देती आसान किताबें।
कभी नहीं ये बूढ़ी होती रहती सदा जवान किताबें।

(क) इनमें से किताबें क्या नहीं हैं ? जो कथन सही न हो उसे छाँटकर लिखिए-
(i) जीवन की मुस्कान (ii) अपंग की विरोधी (iii) बहरे के कान (iv) अन्धे की आँखें
(ख) किताबें हीरे मोती से भी बढ़कर ……….. हैं। (सही शब्द से वाक्य पूरा कीजिए)
(i) सस्ती (ii) हानिकारक (iii) व्यर्थ (iv) बेशकीमती
(ग) किताबें किसकी पहचान करती हैं ?
(घ) राहों की हर मुश्किल को किताबें कैसे आसान कर देती हैं ?
(ड) किताबें सदा जवान कैसे रहती हैं?

## खंड – ख व्यावहारिक व्याकरण

प्रश्न**(3)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें। **(2x5=10)**

1) 'जलधर' शब्द के दो अर्थ लिखिए।
2) 'धर' प्रत्यय जोड़कर दो शब्द बनाइये और उनके अर्थ भी लिखिए।
3) 'आँसू' और 'आँख' का एक-एक समानार्थी शब्द लिखिए।
4) 'हृदय पर साँप लोटना' मुहावरे का अर्थ लिखिए तथा इस मुहावरे का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइये।
5) 'फूटना' शब्द के दो अर्थ बताइए एवं इसका प्रयोग करते हुए दो वाक्य बनाइये जिसमे अलग-अलग अर्थ हों।

## खंड - ग पठित अवबोध

प्रश्न **4)** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **1x5=5**

बाबा भारती डर गए। अब उन्हें रात को नींद न आती। सारी रात अस्तबल की रखवाली में कटने लगी। प्रतिक्षण खड्गसिंह का भय लगा रहता, परंतु कई मास बीत गए और वह न आया। यहाँ तक कि बाबा भारती कुछ असावधान हो गए और इस भय को स्वप्न के भय की नाई मिथ्या समझने लगे।संध्या का समय था। बाबा भारती सुलतान की पीठ पर सवार होकर घूमने जा रहे थे। इस समय उनकी आँखों में चमक थी, मुख पर प्रसन्नता। कभी घोड़े के शरीर को देखते, कभी उसके रंग को और मन में फूले न समाते थे। सहसा एक ओर से आवाज़ आई, "ओ बाबा, इस कंगले की सुनते जाना।"

प्रश्न i. रात को नींद किसे नहीं आ रही थी ?
(क) खड्गसिंह को (ख) बाबा भारती को (ग) लेखक को (घ) घोड़े को

प्रश्न ii. अस्तबल की रखवाली कौन करने लगा ?
(क) बाबा भारती (ख) खड्गसिंह (ग) लेखक (घ) नौकर

प्रश्न iii. बाबा भारती किस समय घूमने जा रहे थे?
(क) सुबह में (ख) संध्या के समय (ग) दोपहर में (घ) रात में
प्रश्न iv. किनकी आँखों में चमक थी?
(क) खड्गसिंह की (ख) घोड़े की (ग) बाबा भारती की (घ) नौकर की

प्रश्न v. सहसा एक ओर से आवाज़ आई, " ओ बाबा, इस ……….. की सुनते जाना। "
(क) कंगले (ख) दुखिया (ग) सिपाही (घ) दास

**प्रश्न 5)** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **1x5=5**

वह पावस का प्रथम दिवस जब,
पहली बूँद धरा पर आई।
अंकुर फूट पड़ा धरती से,
नव-जीवन की ले अँगड़ाई ||
धरती के सूखे अधरों पर,
गिरी बूँद अमृत-सी आकर।
वसुंधरा की रोमावलि -सी,
हरी दूब लकी – मुसकाई।
पहली बूँद धरा पर आई ।।

प्रश्न i. 'पावस' का क्या अर्थ है?
(क) वर्षा ऋतु (ख) ग्रीष्म ऋतु (ग) वसंत ऋतु (घ) शरद् ऋतु

प्रश्न ii. उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं?
(क) बादल राग (ख) पहली बूँद (ग) वह चिड़िया जो (घ) मैं भी छोटी होऊँ।

प्रश्न iii. वर्षा ऋतु से पहले कौन-सी ऋतु आती है?
(क) शरद् ऋतु (ख) वसंत ऋतु (ग) ग्रीष्म ऋतु (घ) हेमंत ऋतु

प्रश्न iv. वर्षा ऋतु के आगमन से चारों तरफ़ क्या फैली है?
(क) आनंद रूपी हरियाली (ख) कीचड़ (ग) जल (घ) धूल

प्रश्न v. धरती के सूखे होंठों पर बारिश की बूँदें किसके समान आकर गिरीं?
(क) पानी के समान (ख) अग्नि के समान (ग) बर्फ़ के समान (घ) अमृत के समान

**प्रश्न 6)** पाठ्य पुस्तक में पढ़े गए गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दें।
**2x5=10**

**1)** ध्यानचंद की सफलता का क्या रहस्य था ?
**2)** ध्यानचंद ने अपना बदला कैसे लिया ?

3) ध्यानचंद को क्या कहा जाता है ? उनके जन्मदिन को किस दिवस के रूप में मनाया जाता है ?
4) 'हार की जीत' पाठ के आधार पर डाकू खड्गसिंह के चरित्र की कोई चार विशेषताएं लिखिए।
5) बाबा भारती ने खड्गसिंह से क्या प्रार्थना की थी ?
6) खड्गसिंह ने घोडा कैसे प्राप्त किया ?

प्रश्न **7)** पाठ्य पुस्तक में पढ़ी गयी कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

क) कोयल कहाँ रहती है ?
2
ख) तन-मन कौन सँवारती है?
2
ग) बारिश की पहली बूँद से धरती का हर्ष कैसे प्रगट होता है?
2
घ **)** कविता की कुछ पंक्तियाँ नीचे दी गई हैं। इन पंक्तियों में कुछ शब्द रेखांकित हैं। दाहिनी ओर रेखाँकित शब्दों के भावार्थ दिए गए हैं। इनका मिलान कीजिए।
**1x4=4**

| कविता की पंक्तियाँ | भावार्थ |
|---|---|
| 1. आसमान में <u>उड़ता सागर</u>, लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर | 1. मेघ गर्जना |
| 2. <u>बजा नगाड़े</u> जगा रहे हैं, बादल धरती की तरुणाई | 2. बादल |
| 3. <u>नीले नयनों सा</u> यह अम्बर, काली पुतली-से ये जलधर | 3. हरी दूब |
| 4. वसुंधरा की <u>रोमावलि -सी</u>, हरी दूब पुलकी-मुसकाई। | 4. आकाश |

## <u>खंड- घ रचनात्मक लेखन</u>

प्रश्न **8)** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **100** शब्दों का एक अनुच्छेद लिखें **– 5**

1) मेरे विद्यालय का वार्षिक खेल-कूद दिवस **ख)** मेरा प्रिय मित्र **ग)** वृक्षों का महत्त्व

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर कम से कम दस वाक्यों का एक संवाद लिखें –

1) वार्षिकोत्सव के विषय में बात करते हुए दो छात्रों के बीच संवाद
2) अनुशासन के विषय में बात करते हुएँ दो शिक्षकों के बीच संवाद

प्रश्न **9**)  अपने मोहल्ले की सफाई व्यवस्था सही कराने हेतु नगर निगम के अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखिए।    5

अथवा

अपने मामा जी को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखिए।